सीबीएसई/मीडिया व पीआर/एनसीबी/2024 दिनांक: 23.08.2024

सीबीएसई से संबद्ध
सभी विद्यालयों के प्रमुख

विषय: "मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान... ड्रग्स को ना और जीवन को हां कहें"

प्रिय प्रधानाचार्य,

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक केंद्रीय विधि प्रवर्तन और आसूचना एजेंसी है। यह एजेंसी स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध दवाओं के प्रयोग के विरुद्ध कार्य करती है।

वर्ष 1986 में स्थापित यह एजेंसी भारतीय राज्य सरकारों और अन्य केंद्रीय विभागों के साथ समन्वय करने, तस्करी के सम्बन्ध में भारत की अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को क्रियान्वित करने, और अंतरराष्ट्रीय व विदेशी मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों का सहयोग करने के लिए जिम्मेदार है।

आज के समय में मादक द्रव्यों का अपसेवन एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है , जो युवाओं के सबसे उपयोगी और निर्णायक वर्षों को नष्ट कर रहा है। मादक पदार्थों के उपयोग से जुडे जोखिमों को कम करने और समग्र कल्याण /स्वस्थता और विकास को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों, परिवारों और समुदायों में सहयोगात्मक वातावरण बनाना आवश्यक है।

मादक पदार्थों का दुरुपयोग, जिसे नशीली दवाओं के सेवन विकार के रूप में भी जाना जाता है , वह प्रक्रिया है जब दवाओं का उपयोग इस तरह से किया जाता है जो व्यक्ति या दूसरों के लिए हानिकारक हो। सार्वजनिक स्वास्थ्य , चिकित्सा और आपराधिक न्याय के संदर्भों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की परिभाषाएं भिन्न हो सकती हैं।

एनसीबी के सहयोग से, सीबीएसई 28 अगस्त 2024 (बुधवार) को मॉडर्न स्कूल, वसंत विहार, नई दिल्ली में छात्रों के लिए मादक पदार्थों के अपसेवन के विरुद्ध एक जागरूकता अभियान आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में एनसीबी और सीबीएसई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित होंगे। यह कार्यक्रम छात्रों और व्यापक स्कूल समुदाय को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से लड़ने और एक नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जागरुक और प्रेरित करेगा।

सभी स्कूलों से इस अभियान में ऑनलाइन भाग लेने का आग्रह किया जाता है, जिसे सीबीएसई यूट्यूब चैनल पर लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा।

लाइव-स्ट्रीमिंग लिंक : https://youtube.com/live/_7FKdZ-U_rY
तिथि एवं दिवस : 28 अगस्त 2024 (बुधवार)
समय : प्रातः 10:00 बजे से

आपसे अनुरोध है कि इस जानकारी को छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य संबंधित लोगों के बीच साझा करें और उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान में ऑनलाइन भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से लड़ने के हमारे सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने में आपकी भागीदारी महत्वपूर्ण है।

शुभकामनाएँ,

हस्ता/-
(हिमांशु गुप्ता)
सचिव

प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारितकरने के अनुरोध सहित

1. महानिदेशक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, आर के पुरम, नई दिल्ली – 110066
2. उप महानिदेशक (जागरूकता), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, आर के पुरम, नई दिल्ली – 110066
3. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
5. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
6. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
7. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
8. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
9. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
10. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
12. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
13. निदेशक (स्कूल शिक्षा), लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल-लद्दाख
14. निदेशक (स्कूल शिक्षा), आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
15. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएस ईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
16. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
17. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं .202, शंकर विहार (एपीएस के समीप), दिल्ली छावनी -110010
18. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, एन-1/9, नयापल्ली, पी ओ सैनिक स्कूल, भुबनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिशा -751005
19. अध्यक्ष, सीबीएसई के उप सचिव
20. सभी निदेशक /परीक्षानियंत्रक/सीवीओ, सीबीएसई
21. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/ क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
22. सभी संयुक्त सचिव /उप सचिव/ अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
23. सभी उत्कृष्टता केंद्र प्रमुख/प्रभारी, सीबीएसई
24. संयुक्त सचिव (सूचना प्रौद्योगिकी इकाई), सीबीएसई - कृपया इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें

हस्ता/-

सचिव